# हिम्मत पर एक गाना गाइए

**भजन 27:6 पढ़िए।** दाविद को संगीत बहुत पसंद था और वह अकसर यहोवा की तारीफ में गाना गाता था। उनमें से कई गानों ने उसे हिम्मत से भर दिया। गाना गाने से आपमें भी हिम्मत आ सकती है!

"हमें निडरता का वरदान दे!" इस गाने के बोल पढ़िए। इसमें हिम्मत से काम लेने की कौन-सी वजह दी गयी हैं? इस गाने को याद कीजिए और अपने परिवार के साथ इसे गाने का अभ्यास कीजिए।

मोड़िए



## गीत 137

## हमें निडरता का वरदान दे!

(प्रेषितों 4:29)

1. हे यहोवा, तेरे नाम का
जब हम करते हैं ऐलान,
देते राज की जब गवाही,
दुश्मन करते हैं बदनाम।
पर इंसानों के डर से,
छोड़ेंगे ना हम तेरा काम।
अपनी शक्ति दे, हे यहोवा,
दे निडरता का वरदान!

(कोरस)

भर दे साहस हममें ऐसा,
हिम्मत दे हमें ऐसी,
कह सकें सारे जहान से,
हरमगिदोन है क़रीब!
दिन ये आए ना जब तलक,
दें संदेसा हम बेझिझक।
ऐसा हौसला बुलंद कर,
कि हों निडर!

2. है ख़याल इसका तुझे, याह,
मूरत हम हैं मिट्टी के,
टूटे साहस जब हमारा,
देना साहस फिर हमें।
सुन ले धमकियाँ उनकी,
करते बेइज़्ज़त जो हमें।
दे मदद हमें, हे यहोवा,
कि हिम्मत से नाम तेरा लें।

(कोरस)



www.jw.org © 2016 Watch Tower Bible and Tract Society of Pennsylvania